Regarding demand for a Memu shed in Samastipur Division

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** अध्यक्ष महोदय, पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अन्तर्गत समस्तीपुर डिविजन में मेमू शेड नहीं है, जिससे इन क्षेत्रों में चलने वाली मेमू ट्रेन्स को रैक मेंटेनेंस के लिए सोनपुर मेमू शेड भेजा जाता है । ? (व्यवधान) सोनपुर मेमू शेड में अत्यधिक मेमू ट्रेन्स जाने के कारण मेंटेनेंस का कार्य ठीक से नहीं हो पाता है । जानकारी मिली है कि 125 करोड़ रुपये की लागत से मेरे संसदीय क्षेत्र सहरसा में मेमू शेड निर्माण के लिए मुख्यालय से मार्च, 2024 में प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है । ? (व्यवधान) अतिशीघ्र मेमू शेड का निर्माण नहीं होगा तो सहरसा,समस्तीपुर, दरभंगा, जयनगर, रक्सौल, बरौनी, कटिहार, खगड़िया, मानसी, मुजफ्फरपुर, सोनपुर, नरकटियागंज, सीतामढ़ी क्षेत्र में चलने वाली मेमू ट्रेन्स के मेंटेनेंस में भारी दिक्कत आ सकती है ।? (व्यवधान)

अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि सहरसा या मधेपुरा, जहां अनुपयोगी स्लीपर फैक्ट्री की जमीन है या बुधमा में मेमू शेड का निर्माण कराने की कृपा करें ।